तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 9 मार्च 2025

12 जिला पंचायत बालोद में पहली बार भाजपा का कब्जा...

10 डॉयल-112 सेवा सभी जिलों में शुरू करने की तैयारी...

## खबर संक्षेप

### महिला न्यायाधीशों कर्मचारियों व अधिवक्ताओं का किया गया सम्मान

**बालोद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में आयोजित जिला न्यायालय परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्यायाधीशों द्वारा जिला न्यायालय में पदस्थ महिला न्यायाधीशों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन के अनुसार आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से परिवार न्यायालय बालोद के न्यायाधीश योगेश पारीक, किरण कुमार जांगड़े, प्रथम जिला न्यायाधीश बालोद, कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश) पॉक्सो कोर्ट बालोद, श्वेता उपाध्याय गौर, द्वितीय जिला न्यायाधीश बालोद, संजय कुमार सोनी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद, न्यायाधीश माधुरी मरकाम, जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय साहू एवं सदस्यगण, समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के कर्मचारीगण तथा समस्त पैरालिगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

### दुर्घटना में मौत पर 65 लाख रुपए का अवार्ड पारित

**बालोद।** जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामलाल नवरत्न द्वारा 65 लाख रूपये की राशि का आवार्ड पारित किया गया। उल्लेखनीय है कि आवेदिका कुसुम साहू के पति संजय कुमार की मोटर सायकल को ठोकर मारकर दुर्घटना कारित करने से उसकी मृत्यु हो गई थी। जिसके पश्चात आवेदिका के द्वारा न्यायालय के समक्ष क्षतिपूर्ति राशि 99,50,000 रूपये प्राप्त करने हेतु अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदन प्रस्तुत किया गया था। 08 मार्च 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में उभय पक्षकारों के मध्य स्वेच्छापूर्वक आपसी सहमति से हुये राजीनामा में बीमा कंपनी ने क्षतिपूर्ति 65,00,000 लाख रूपये देने सहमति दी। उभय पक्ष की सहमति के आधार पर प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा राशि 65,00,000 रूपये का आवार्ड पारित किया गया। आवेदिका एवं अनावेदकगण के द्वारा उक्त ▶▶| शेष पेज 11 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

## नगर पालिका बालोद व दल्लीराजहरा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

# शहर के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से कार्य करें जनप्रतिनिधि : साव

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा है कि नगर पालिका परिषद बालोद एवं दल्लीराजहरा शहर की नई सरकार आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी। श्री साव शनिवार को जिले की नगर पालिका परिषद बालोद एवं दल्लीराजहरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर बोल रहे थे।

साव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री साव ने नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शहर के चहुँमुखी विकास के लिए पूरे निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि बालोद एवं दल्लीराजहरा शहर केवल शहर ही नही है वरन यहाँ के सभी निवासी हमारा परिवार है। साव ने आशा व्यक्त किया कि इसी मंशा के अनुरूप हमारे नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पार्षदगण शहरों के सर्वांगीण विकास तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर के निर्माण हेतु पूरे लगन निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ जनता जनार्दन की सेवा करेंगे।

### सभी नगरीय निकायों को आदर्श शहर के रूप में विकसित करेगी सरकार

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी नगरीय निकायों में वर्तमान जरूरतों के अनुरूप जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें एक आदर्श शहर के रूप में विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है। साव ने कहा कि गंगा मईया के आशीर्वाद से हमारे नगरीय निकाय के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगण आम जनता के आशा के अनुरूप एक आदर्श शहर के निर्माण हेतु पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही उम्मीद एवं भरोसे के साथ शहर के नागरिकों ने नई सरकार का निर्वाचन किया है, उस पर हमारे जनप्रतिनिधि खरा उतरेंगे। समारोह में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सासंद भोजराज नाग ▶▶| शेष पेज 11 पर

### एसडीएम सुरेश साहू ने दिलाई शपथ

जिला मुख्यालय बालोद के पुराना टाउन हॉल परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका परिषद बालोद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं नवनिर्वाचित पार्षदों को एसडीएम बालोद एवं पीठासीन अधिकारी सुरेश साहू द्वारा शपथ दिलाई गई।

### कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कृपाराम हुए शामिल

**बालोद।** प्रतिभा चौधरी के शपथ ग्रहण समारोह मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री कृपाराम साहू भी पहुंचे थे। वयोवृद्ध कृपाराम साहू ने वरिष्ठ भाजपा नेता रमन दुवानी से क्षेत्र की राजनीति सहित विभिन्न विषयों पर लंबी चर्चा की। प्रतिभा चौधरी के परिजन भी इस खुशी के अवसर पर शपथ ग्रहण के साक्षी बनने पहुंचे थे।

### नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा सहित 12 पार्षदों ने ली शपथ

**बालोद।** नगर पालिका में अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी सहित 12 पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। कांग्रेस के 8 पार्षद शपथ ग्रहण से बाहर रहे। प्रशासन अब शेष 8 पार्षदों का शपथ ग्रहण रविवार को कराएगा। अनुविभागीय अधिकारी व रिटर्निंग अफसर सुरेश साहू ने कहा कि कांग्रेस के 8 पार्षदों का शपथ ग्रहण रविवार को किया जाएगा, क्योंकि सोमवार 10 मार्च को नगर पालिका का प्रथम सम्मिलन है। नगर पालिका परिषद् में 10 साल बाद भाजपा की सत्ता लौटी है। इसका उत्सव भाजपाईयों ने जमकर मनाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी के शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के वयोवृद्धों, वरिष्ठों, युवाओं का संगम नजर आया। जहां युवाओं में उत्साह था तो वयोवृद्ध एवं वरिष्ठजन प्रफुल्लित नजर आए। प्रतिभा के शपथ ग्रहण में वे भाजपा वरिष्ठजन भी पहुंचे, जिन्होंने भाजपा की सक्रिय राजनिति से किनारा कर लिया था। प्रतिभा के चुनाव के समय से ही यह संगम दिख रहा था, जिसे प्रतिभा ने पदभार ग्रहण करने के दौरान भी निभाया। भाजपा के वरिष्ठजन भी प्रतिभा के शपथ ग्रहण समारोह में मिले अपनेपन व सम्मान के साथ एक पुरानी कार्यकर्ता के पद पर आसीन होने के अवसर पर प्रफुल्लित नजर आए। प्रतिभा चौधरी ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में पेयजल व्यवस्था के ▶▶| शेष पेज 11 पर

- कांग्रेस के 8 पार्षदों को आज दिलाई जाएगी शपथ

# अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक व नर्स की व्यवस्था नहीं कर सकते तो बंद करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ के संजारी बालोद विधानसभा ने चर्चा के दौरान संगीता सिन्हा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में स्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नर्स से लेकर विशेषज्ञ डॉक्टर के रिक्त पदों के विरूद्ध भर्ती की निश्चित समय-सीमा नहीं बताए जाने से नाराज हो गईं। विधायक संगीता सिन्हा से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से कहा कि एंबुलेंस नहीं हैं, अस्पतालों में न नर्स हैं, न विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, यदि यही स्थिति रहनी है, तो बंद कर दीजिए जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र। बता दें कि बीते विधानसभा सत्र के दौरान भी संगीता सिन्हा ने विधानसभा में अपने क्षेत्र के अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की कमी का मामला उठाया था, तब मंत्री ने आश्वस्त किया था, लेकिन अभी तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा ने जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत कार्यरत और रिक्त पदों की जानकारी मांगी थी। उन्होंने पूछा कि रिक्त पदों की भर्ती के लिए विभाग की कार्ययोजना क्या है ? इसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि 343 के विरूद्ध 222 कार्यरत है, एनएचएम से 95 फीसदी भरे हुए हैं, लेकिन डीएचएस से 65 फीसदी स्टाफ है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि यह सही है कि कमी है। इस कमी को दूर करने 1079 चिकित्सक और विशेषज्ञ के पद की भर्ती होनी है और 225 स्टाफ नर्सों की भी भर्ती कर रहे हैं, जिसके लिए वित्त की अनुमति प्रक्रियाधीन है।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के उत्तर से असंतुष्ट संगीता सिन्हा ने कहा कि जिला ▶▶| शेष पेज 11 पर

- जिला चिकित्सालय, सीएचसी व पीएचसी को लेकर विधायक संगीता ने उठाए सवाल
- स्टाफ की व्यवस्था नहीं होने पर जताई नाराजगी

### एंबुलेंस का भी मसला

संजारी बालोद इलाके में एंबुलेंस नहीं होने का मामला भी इसी सवाल के क्रम में आया। विधायक संगीता ने सदन में कहा कि प्रसव के मामले भी रेफर कर दिए जाते हैं, क्योंकि एंबुलेंस नहीं है। एंबुलेंस नहीं होने से कई महिलाओं की मौत हो चुकी है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि जल्दी ही एंबुलेंस भेज दी जाएगी।

### व्यवहार न्यायाधीश शतप्रीत कौर का किया सम्मान

**डौंडीलोहारा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला अधिवक्ता संघ बालोद के उपाध्यक्ष विजय यदु और अधिवक्तागण भूषण पटेल, शिवचरण साहू, टीएल साहू, गणेशु ठाकुर, ताम्रध्वज देवांगन ने व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 डौंडी लोहारा शतप्रीत कौर छाबड़ा को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर न्यायालीन महिला कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्लूकोमा सप्ताह आज से, 15 मार्च तक चलाया जाएगा जनजागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद द्वारा ग्लूकोमा सप्ताह के तहत 9 से 15 मार्च तक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

जिलाधीश इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी के मार्गदर्शन तथा सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में समस्त नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ 9 मार्च से किया जा रहा है। सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि ग्लूकोमा कांच बिन्दू आंखों की खतरनाक बीमारी है जिसके कारण खोई हुई दृष्टि पुनः प्राप्त नहीं होती। सावधानी रखने पर समय पर इस बिमारी की पहचान हो सके तो दृष्टि की क्षति होने से बचाया जा सकता है। सभी के समय पर अपनी आंखों की जांच जिला अस्पताल, सहायक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर आकर कराना आवश्यक है। ग्लूकोमा नेत्रगोलक के भीतर का दबाव इण्ट्रा आकुलर प्रेशर के बढ़ने से होता है। इसका मुख्य लक्षण सिर और भौहों के बीच निरंतर दर्द बने रहना, पढ़ने के चश्मा का पावर बार-बार बदलना। प्रकाश स्त्रोत को देखने पर स्त्रोत के चारों ओर रंगीन ठंड, धनुषी विलय दिखाई देना। दृष्टि का दायरा कम होना। अपत्ति अलग बगल की चीजें साफ दिखाई नहीं देना, ऐसा लक्षण यदि हो तो तुरंत नेत्र विशेषज्ञ को तत्काल दिखाना है। सामान्यतः ग्लूकोमा 40 की उम्र के बाद होने ▶▶| शेष पेज 11 पर

- जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम इकाई बालोद द्वारा किए जाएंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV

सांत्वना पुरस्कार
1100

नियम व शर्तें लागू*

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, व्यूटो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

पाठक सूचना

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### बिजली कर्मियों की हड़ताल अवैध घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एएम परियल ने बताया, श्रम न्यायालय रायपुर ने बिजली कर्मियों के संगठन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ की 10 मार्च को प्रस्तावित एक दिवसीय हड़ताल को अवैध घोषित कर दिया है। श्रम न्यायालय एक रायपुर, विभा पांडेय की कोर्ट में संघ के 10 मार्च के एक दिवसीय सामूहिक अवकाश व विरोध प्रदर्शन तथा 17 मार्च से क्षेत्रीय व मुख्यालय स्तर पर अनिश्चितकालीन सामूहिक धरना प्रदर्शन पर स्थगन देने की अपील की गई थी। पॉवर कंपनी ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 10 (4) के अंतर्गत वाद प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि प्रस्तावित हड़ताल से विद्युत आपूर्ति बाधित होगी तथा सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा और जनसामान्य को समस्याओं से जूझना पड़ेगा।

### अंतर्चिकित्सा महाविद्यालय युवा समारोह प्रारंभ

**रायपुर।** श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वा. विज्ञान विश्वविद्यालय के तत्वावधान में प्रथम अंतर्चिकित्सा महाविद्यालयीन दो दिवसीय युवा समारोह की शुरुआत शुक्रवार को हुई। आयोजन 7 एवं 8 मार्च को किया गया है। इसमें स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से संबंधित 16 चिकित्सा महाविद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के इस युवा समारोह में वाद-विवाद तात्कालिक भाषण, रंगोली, पेंटिंग, गायन एकल एवं युगल नृत्य के अलावा लघुनाटक प्रतियोगिता होगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कुलपति आयुष डॉ. पीके पात्रा, विशिष्ट अतिथि सीएमई किरण कौशल रहीं। शनिवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीन एसबीआईएमएस डॉ. विष्णु दत्त होंगे।

### बस्तर जिले को नीति आयोग ने दिया 3 करोड़ रुपए का पुरस्कार

**रायपुर।** बस्तर जिले ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने, नवीन शैक्षणिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन और शिक्षक-छात्र संबंधों को मजबूत करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नीति आयोग ने बस्तर जिले को 3 करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया है। महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बधाई देते हुए कहा, बस्तर जिले के विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और हमारी सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता ने जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह पुरस्कार आकांक्षी जिलों में बुनियादी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण और शिक्षा की समावेशी एवं नवाचारयुक्त नीति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह उपलब्धि प्रदेश में संपूर्ण शिक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा बस्तर में बौद्धिक और शैक्षणिक विकास को नया आयाम देने के लिए राज्य सरकार को और अधिक प्रेरित करेगी। शिक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि न केवल बस्तर जिले, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ के जादवानी फिर अध्यक्ष

**रायपुर।** जवाहर नगर स्थित श्री अग्रसेन भवन में महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की आमसभा का आयोजन राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष अशोक छाबड़ा ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण दिया, जिसे सदन ने करतल ध्वनि से अनुमोदित किया। तत्पश्चात अध्यक्ष संजय जादवानी ने अपने कार्यकाल में किए गए विशिष्ट कार्यों का विवरण देते हुए संस्था के बारे में बताया। अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी भंग होने की घोषणा की एवं चुनाव अधिकारी द्वय विक्रम सिंह देव एवं घनश्याम पोद्दार को सभा के संचालन एवं चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने आमंत्रित किया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि उन्हें निर्धारित समय तक कोई भी आवेदन अध्यक्ष पद के लिए नहीं मिला है, अतः उपस्थित व्यापारी सदस्यों से ही उन्होंने सदस्य अध्यक्ष पद के लिए नाम आमंत्रित किया।

# हाईकोर्ट का आदेश, एमडी-एमएस में दो डॉक्टरों का प्रवेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बांडेड ड्यूटी के बदले मिले बोनस के गलत आवंटन के मामले में हाईकोर्ट के फैसले के बाद दो डाक्टरों का प्रवेश निरस्त कर दिया गया है। दस्तावेजों की पुनः जांच के बाद इन्हें मिलाकर कुल पांच लोगों का बोनस अंक कम होने पर श्रेणी में बदलाव किया गया। नौ डाक्टरों ने बोनस अंक के लिए अधूरे दस्तावेज जमा किए थे, जिन्हें सेवारत श्रेणी से हटाकर नई मेरिट लिस्ट जारी की गई है।

खास खबर

चिकित्सा शिक्षा विभाग इस बार मेडिकल कालेज के एमडी-एमएमस की सीटों में प्रवेश के लिए शानदार छह माह से काउंसिलिंग करवा रहा है। स्ट्रे राउंड के पहले शासकीय सेवा के बदले डाक्टरों को मिलने वाले बोनस अंक आवंटन पर आपत्ति का मामला कोर्ट तक पहुंचा। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट द्वारा बोनस अंक आवंटन की जांच कर काउंसिलिंग कराने का निर्देश दिया गया था। जांच के बाद जिन दो छात्र भावेश पटेल और राकेश साहू के खिलाफ याचिका लगाई गई थी, उनका सिम्स बिलासपुर और रिम्स (प्राइवेट) कालेज का प्रवेश निरस्त कर दिया गया है।

इनके अलावा अन्य लोगों के दस्तावेजों की जांच की गई, तो इन दोनों के अलावा चंद्रशेखर वर्मा, धनेश्वरी और पुष्पेन्द्र साहू के बोनस अंक बदलने से श्रेणी में बदलाव किया गया। साथ ही नौ छात्र ऐसे थे जिन्हें अधूरे दस्तावेज के आधार पर यह अंक प्रदान कर दिया गया था। जांच में पाया गया कि उन्हें स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया था। इन-सर्विस कैटेगरी से उन्हें हटाकर सामान्य सूची में शामिल करते हुए पुनः नई मेरिट लिस्ट जारी की गई है।

**दस्तावेज अधूरे, नौ अन्य डाक्टरों इन सर्विस श्रेणी से हटाए गए, नयी मेरिट लिस्ट जारी**

#### बोनस अंक के लाभ से चूके

सूत्रों के अनुसार बोनस अंक प्राप्त करने के लिए सेवा देने वाले डाक्टरों को सीएमएचओ और डीएचएस स्तर पर प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। जिन नौ विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संचालनालय का सर्टिफिकेट विलंब से मिला, उन्होंने जिला स्तर पर जारी प्रमाणपत्र को आवेदन में जमा किया था। जांच के दौरान उसे अमान्य करार देते हुए बोनस अंक का लाभ नहीं दिया गया।

■ बोनस अंक आधार पर पांच की श्रेणी परिवर्तित

#### स्ट्रे राउंड में 98 सीट

स्ट्रे राउंड में शासकीय और निजी मेडिकल कालेज की 98 सीटों को शामिल किया गया है। इसके लिए शनिवार तक च्वाइस फीलिंग, 9 मार्च को सीट आवंटन और 10 से 12 मार्च तक स्क्रूटनी और एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होगी। संशोधित समय सारिणी में स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की प्रक्रिया 20 मार्च तक पूरी की जाएगी।

### डॉयल-112 सेवा को फायर ब्रिगेड सेवा से जोड़ने की तैयारी

# डॉयल-112 सेवा सभी जिलों में शुरू करने की तैयारी, संचालित करने नए सिरे से एजेंसी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में 11 पुराने जिलों सहित नए पांच जिलों में वर्तमान में डॉयल-112 की सेवा संचालित की जा रही है। डॉयल-112 सेवा का अब नए सिरे से टेंडर जारी करने की तैयारी की जा रही है। यह प्रक्रिया विधानसभा सत्र के बाद शुरू किए जाने की संभावना है। डॉयल-112 को और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इसके लिए दो दिन पूर्व राज्य के नए पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने डॉयल-112 मुख्यालय पहुंचकर सिस्टम की जानकारी ली।

हरिभूमि फॉलोअप

वर्तमान में डॉयल-112 सेवा का संचालन टाटा ग्रुप कर रहा है। टाटा ग्रुप का कार्यकाल दो वर्ष पूर्व अगस्त में पूरा हो चुका है। सेवा संचालित करने अब तक किसी नए ग्रुप को जिम्मेदारी नहीं दी गई है। इसके कारण डॉयल-112 सेवा का संचालन टाटा ग्रुप ही कर रहा है। सेवा में लगे ज्यादातर वाहन जर्जर हालत में हैं। नई कंपनी के आने के बाद डॉयल-112 सेवा की सूरत बदलने की उम्मीद है। नए ग्रुप के आने के बाद महेंद्रा ग्रुप की गाड़ियों के माध्यम से सेवा का संचालन किया जाएगा।

#### सभी 33 जिलों में सेवा संचालन

वर्तमान में डॉयल-112 सेवा 11 पुराने जिले रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, कबीरधाम, राजनांदगांव के अलावा रायपुर से अलग कर बलौदाबाजार, रायगढ़ से काटकर बनाए गए सारंगढ़-बिलाईगढ़, बिलासपुर से काटकर बनाए गए गौरेला-पेंड्रा- मरवाही तथा राजनांगांव से काटकर बनाए गए मोहला मानपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में संचालित हो रही है। इसका विस्तार सभी 33 जिलों में करने की योजना है।

**सिस्टम को और हाईटेक करने की तैयारी**

फाइल फोटो

#### नए सिरे से टेंडर जारी करने की तैयारी

टाटा ग्रुप का सेवाकाल समाप्त होने के बाद एक वर्ष पूर्व मुंबई के जिकित्जा ग्रुप को सेवा संचालित करने टेंडर दिए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। कंपनी के विवादित होने के बाद जिकित्जा को सेवा संचालित करने टेंडर नहीं दिया गया। अफसरों के अनुसार विधानसभा सत्र की समाप्ति के बाद डॉयल-112 सेवा देने नए सिरे से टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

#### सिस्टम को अपडेट करने दिए निर्देश

डॉयल-112 आवश्यक सेवा में शामिल हो गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए डीजीपी अरुण देव गौतम ने सिस्टम को और अपडेट करने निर्देश दिए हैं। वर्तमान में संबंधित जगह रवाना की गई गाड़ी की मॉनिटरिंग फोन के माध्यम से मुख्यालय से होती थी। इसे अपडेट करते हुए डॉयल-112 सेवा से जुड़े अफसर अपने मोबाइल से गाड़ियों की मॉनिटरिंग कर सकें, सिस्टम को इस तरह से विकसित करने डीजीपी ने निर्देश दिए हैं।

#### अग्निशमन को सिस्टम से जोड़ने की तैयारी

राज्य के सभी जिलों में संचालित अग्निशमन सेवा को सिस्टम से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में किसी जगह आग लगने की घटना की जानकारी डॉयल-112 को मिलती है, तो डॉयल-112 फायर ब्रिगेड को कॉल कर इसकी जानकारी देती है। अग्निशमन सेवा डॉयल-112 से जुड़ जाएगी, तो कहीं भी आगजनी की घटना होगी, तो इसकी जानकारी डॉयल-112 को मिलेगी। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर अग्निशमन सेवा को जरूरी मदद पहुंचाने का काम डॉयल-112 सेवा के माध्यम से किया जाएगा।

### स्वास्थ्य पर महिलाएं ज्यादा गंभीर

# रोजाना बन रहे औसतन एक लाख आयुष्मान कार्ड

■ अब तक 1.20 करोड़ बन चुके योजना के हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य के मामले में पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा गंभीर हैं। राज्य में रोजाना औसतन एक लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 1.20 करोड़ महिलाएं इस योजना की हितग्राही बन चुकी हैं। कार्ड बनाने की सुविधा सरकारी एवं निजी अस्पतालों के साथ च्वाइस सेंटर में भी है।

13 दिसंबर को विष्णु देव साय की सरकार ने शपथ ली थी और तब से लेकर अब तक राज्य में 15 लाख 31 हजार 857 महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम पूरा हो चुका है। महिलाओं को इस स्वास्थ्य योजना से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों के अलावा महिलाओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए कार्ड बनाने की सुविधा च्वाइस सेंटर में भी दी जा रही है, ताकि उन्हें व्यर्थ इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। इसके अलावा लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भी कार्ड बनाने की सुविधा दी जा रही है। योजना के प्रारम्भ से अब तक 1 करोड़ 20 लाख 65 हजार 107 महिलाओं का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को राशन कार्ड में परिवार का मुखिया बनाए जाने की नीति को इस योजना से भी जोड़ा है, जिससे आयुष्मान कार्ड पंजीयन को और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

राज्य के 33 जिलों में राशन कार्डधारी परिवारों की महिलाओं के आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

## पांच और जिला पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला पंचायतों में भाजपा के दावे के मुताबिक लगातार उसको जीत मिलती जा रही है। शुक्रवार को पांच जिला पंचायतों में हुए चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष भी जीते। इसी के साथ तीन दिनों में भाजपा ने अब तक 23 जिला पंचायतों में कब्जा कर लिया है। भाजपा के पंचायत चुनाव के प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, भाजपा को 31 जिलों में स्पष्ट बहुमत है। इन सभी में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनेंगे। दो जिलों रायपुर और सुकमा में बराबरी का मुकाबला है। यहां भी भाजपा के ही अध्यक्ष बनने की संभावना है।

■ अब तक 23 जिलों में कब्जा

पंचायत चुनावों के बाद 5 मार्च से लगातार जिला पंचायतों में चुनाव हो रहे हैं। पहले दिन 16 जिलों में चुनाव हुए तो इन सभी में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते। इसके बाद दूसरे दिन दो जिलों महासमुंद और रायगढ़ में चुनाव होने पर यहां भी भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते।

#### इन पांच जिलों में भी जीते

शुक्रवार को पांच जिला पंचायतों में हुए चुनाव में भी भाजपा के प्रत्याशी जीते। सरगुजा में अनुसूचित जनजाति मुक्त में भाजपा की महिला प्रत्याशी निरूपा सिंह अध्यक्ष बनी। उपाध्यक्ष के पद पर देव नारायण यादव जीते। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में समीरा पैकरा अध्यक्ष और अजीत उपेंद्र बहादुर उपाध्यक्ष बने। धमतरी में अरुण कुमार सार्वा अध्यक्ष और गोकरण साहू उपाध्यक्ष का चुनाव जीते। राजनांदगांव में अनारक्षित महिला सीट पर किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष और किरण अमर साहू उपाध्यक्ष बनीं। पांचवें जिले कोंडागांव में अनुसूचित जनजाति महिला सीट पर रीता शोरी अध्यक्ष और हीरा सिंह नेताम उपाध्यक्ष बने।

## निगम और जोन की कार्यप्रणाली से अवगत हो रहे निर्वाचित पार्षद जोन कमिश्नर के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निकाय चुनाव में विभिन्न वार्डों से चुनाव जीतकर पार्षद बने नवनिर्वाचित पार्षदों को निगम के कार्यकलाप से अवगत कराने और जोन की कार्यप्रणाली की जानकारी देने बैठक आयोजित की जा रही है। अलग-अलग जोन में जोन कमिश्नर निर्वाचित पार्षदों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें अपने जोन की गतिविधियों से अवगत करा रहे हैं। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नये पार्षदों के साथ परिचय का यह सिलसिला जोनवार चल रहा है।

इसी कड़ी में मोहबा बाजार स्थित जोन 8 कार्यालय में जोन कमिश्नर एके हालदार ने निर्वाचित वार्ड पार्षदों को जोन कार्यालय आमंत्रित कर उनके साथ परिचय कराने बैठक की। बैठक में वीर सावरकर वार्ड पार्षद संदीप साहू, जवाहरलाल नेहरू वार्ड पार्षद भगत राम हरवंश, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड पार्षद प्रीतम सिंह, रामकृष्ण परमहंस वार्ड पार्षद अमन सिंह ठाकुर, शहीद भगत सिंह वार्ड पार्षद गायत्री चंद्राकर, माधवराव सप्रे वार्ड पार्षद महेन्द्र औसर, संत रविदास वार्ड पार्षद अर्जुन यादव शामिल रहे। जोन 8 जोन कमिश्नर ने नवनिर्वाचित पार्षदों से स्वच्छता सर्वेक्षण में सहयोग देने की अपील की। साथ ही वार्डों में सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट प्रबंधन की स्थिति पर जानकारी लेकर चर्चा की।

इसी तरह जोन 3 में जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 7 में जोन कमिश्नर रमाकांत साहू ने जोन कार्यालय में वार्ड पार्षदों को आमंत्रित कर परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान जोन की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। साथ ही निर्वाचित पार्षदों को जोन में पदस्थ निगम अधिकारियों के मोबाइल संपर्क नंबर दिये।

■ महापौर के निर्देश पर जोनवार चल रहा बैठक का सिलसिला

## रीयल एस्टेट में योजनाओं की रफ्तार धीमी दो माह में 18 योजनाओं का ही रेरा में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रियल एस्टेट में अभी मंदी का दौर चल रहा है। नए साल में नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। दो माह में महज 18 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। जनवरी में जहां 11 नई योजनाएं आई हैं, वहीं फरवरी में महज सात योजनाओं का ही पंजीयन हुआ है। बीते साल 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

■ पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच

■ बीते साल 161 नई योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि सरोकार

#### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। बीते साल योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं।

# बाइसन की मौत के जिम्मेदार डॉक्टर के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष ने दिए थे कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरु घासीदास नेशनल पार्क में ट्रांसलोकेट कर शिफ्ट किए जा रहे बायसन की एक्सपायरी मेडिसिन के डॉट लगाने से मौत की घटना के बाद लापरवाह डॉक्टर को संरक्षण देने के वन्यजीव प्रेमी आरोप लगा रहे हैं।

वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है कि जंगल सफारी में चौसिंगा की मौत के लिए जिम्मेदार डॉक्टर के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। बावजूद विभागीय अफसरों ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के बजाय उसे बारनवापारा शिफ्ट कर दिया। बाद में उसे पुनः वापस जंगल सफारी बुला लिया। इसके चलते हाल के दिनों में जंगल सफारी में साही की मौत होने के साथ नागालैड से ला रहे हिमालयन भालू की मौत हुई है। बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क शिफ्ट किए जा रहे सब एडल्ट मादा बायसन को ट्रैक्यूलाइज करने के बाद होश में लाने जो डॉट लगाया गया था, वह कालातीत हो गया था। कालातीत डॉट लगाने की वजह से बायसन को होश नहीं आया और लंबे समय तक बेहोशी की हालत में होने की वजह से बायसन की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बायसन की मौत एक्सपायरी दवा से होने की बात की पुष्टि होने के बाद वन अफसरों ने आनन-फानन में डॉक्टर से सारे अधिकार छीन लिए और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वन्यजीव प्रेमियों के अनुसार इस मामले में डॉक्टर के खिलाफ तत्काल पीओआर दर्ज कर उनके निलंबन की कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन अफसरों ने ऐसा नहीं किया।

#### अब तक जमा नहीं किया सरकारी वाहन

बायसन की मौत की घटना होने के बाद सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने डॉक्टर के सभी अधिकार वापस लेते हुए उन्हें तत्काल सरकारी वाहन जमा करने निर्देश दिए। अफसर के निर्देश के बाद भी डॉक्टर ने अब तक सरकारी वाहन विभाग के पास जमा नहीं किया है। इस संबध में जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर का कहना है कि डॉक्टर आज सरकारी गाड़ी जमा करेंगे।

#### अब तक नहीं मिली अभियोजन स्वीकृति

जिस डॉक्टर की लापरवाही से बायसन की मौत के आरोप लग रहे हैं, वह डॉक्टर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्रतिनियुक्ति पर जंगल सफारी में आए हैं। उक्त डॉक्टर के खिलाफ ईओडब्लू में आय से अधिक संपति अर्जित करने का मामला दर्ज है। ईओडब्लू विभाग को अभियोजन स्वीकृति देने पूर्व में पत्र भी लिख चुका है। बावजूद इसके विभाग ने अब तक अभियोजन स्वीकृति की अनुमति नहीं दी है।

#### अपराध दर्ज करने अफसर पूर्व में कर चुके हैं अनुसंशा

जंगल सफारी में वसुंधरा नामक शेरनी को एक साल में दो बार गर्भधारण कराने का डॉक्टर पर आरोप लग चुका है। आरोप की पुष्टि होने के बाद डॉक्टर पर सरकारी दस्तावेजों में सफेदा लगाकर छेड़खानी करने का आरोप है। सरकारी दस्तावेज में छेड़खानी करने के आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्कालीन जंगल सफारी डायरेक्टर एम. मर्सिबेला ने एफआईआर दर्ज करने की अनुसंशा की थी। बावजूद इसके वन अफसरों ने डॉक्टर के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की। घटना सात से आठ साल पूर्व की है।

## रायपुर में होंगे ग्रीन आर्मी के 25 जोन

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी संस्था ग्रीन आर्मी का शपथ ग्रहण वीआईपी रोड श्री राम मंदिर कांफ्रेंस हॉल में हुआ। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि संस्था पर्यावरण प्रेमियों को जोड़ते हुए अब वर्ष 2025 में 25 जोन बनाकर कार्य करेगी। शपथ ग्रहण के अवसर पर लगभग 100 से अधिक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे, जिनका स्वागत अभिनंदन रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने किया। प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे बतौर शपथ अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न जोन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए ग्रीन आर्मी की गतिविधियों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। साथ ही ब्रेन पॉल्यूशन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि व्यक्ति को योजना बनाकर एवं लक्ष्य निर्धारित कर छोटे स्तर में ही सही, किंतु सही दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए।

विभिन्न देशभक्तों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का उदाहरण देते हुए बताया कि बड़ा कार्य करने के लिए अपने संकुचित एवं आरामदायद जीवन से बाहर निकलें, तभी बड़े बन सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### समाज में महिलाओं की भूमिका आज भी चिंतनीय : बसंती

**डौण्डीलोहारा।** अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष बातचीत में बसंती पिकेश्वर सहायक शिक्षक व उपाध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ ने विचार साझा करते हुए कहा कि हमारे समाज में जन्म से लेकर मृत्यु तक महिलाओं की अहम भूमिका होती है। अपनी सभी महिलाओं में निपुणता दिखाने के बावजूद आज के आधुनिक युग में महिलाएं पुरुषों से पीछे खड़ी नजर आती है। पुरुष प्रधान समाज में महिला की योग्यता को पुरुष से कमतर आंका जाता है। आज भी लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है। सरकार द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के बावजूद महिलाओं का जीवन पुरुषों की तुलना में काफी जटिल हो गया है। अगर हम आज की महिलाओं की स्थिति की तुलना पौराणिक समाज की स्थिति से करें तो साफ नजर आता है कि स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। महिलाएं काम करने लगी है। घर के ख़र्च में हाथ बटाने लगी हैं। कई क्षेत्रों में तो महिलाएं पुरुषों से आगे निकल गई हैं। दिन प्रतिदिन लड़कियां ऐसे कीर्तिमान बना रही है जिन पर न सिर्फ परिवार या समाज बल्कि पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। सरकार भी महिलाओं की उत्थान के लिए काम कर रही है।

### हमारे देश में महिलाओं का इतिहास दिव्य रहा है : पं प्रमोद कृष्ण दास

**अंडा।** श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद मेला में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन से आए कथा व्यास प्रमोद कृष्ण दास ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर सभी श्रोताओं को आनंदमग्न कर दिया। शनिवार की कथा के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में कहा कि सनातन धर्म में केवल एक दिन नहीं, अपितु पूरा वर्ष महिलाओं को ही समर्पित होता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां स्त्रियों को देवी माना जाता है। सनातनी महिलाओं के त्याग और बलिदान को वर्ष में एक दिन जस्टिफाई कर ही नहीं किया जा सकता। हमारे देश में महिलाओं का इतिहास बहुत ही दिव्य रहा है। सनातन धर्म में माता बहनों को कभी हीन भाव से देखा ही नहीं गया। अपितु हमारे यहां स्त्रियां राज का संभालती थीं। बड़े-बड़े युद्ध में महिलाओं ने अपना परचम फहराया है। जहां एक तरफ माता अनसूया का विवरण आता है, जिन्होंने त्रिदेवों को शिशु बना दिया। वहीं, दूसरी तरफ गार्गी जैसी स्त्रियों का भी वर्णन मिलता है, जिन्होंने वेद वेदांतों के ज्ञान में बड़े-बड़े विद्वानों को पछाड़ दिया। रानी लक्ष्मीबाई, रानी अहिल्याबाई होल्कर जैसी महिलाओं ने अपनी वीरता का परचम लहराया। वहीं, मीराबाई, कर्मा माता ने भक्ति के पथ पर चलकर भगवान को पा लिया।

### ग्राम पंचायत तिरगा के निर्विरोध उपसरपंच चुने गए सुखितराम

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण जनपद पंचायत विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तिरगा का उपसरपंच सभी की सहमति से सुखितराम ढीमर को बनाया गया। पंचगण गोवर्धन ढीमर, जानकी देशमुख, शिवप्रसाद देशमुख, टिकेश्वर दिल्लीवार, डिलेश्वरी देशमुख, रेखा ठाकुर, खेमिन देशमुख, कंचन देशमुख,गीता देशमुख, अनिता बेलचंदन, हठियारिन ठाकुर, तेजराम यादव, चंदूलाल यादव, लता देशमुख, कविता ऋषि, जमुना निषाद, कुलेश्वरी देशमुख और सरपंच व पंचों ने अपने पद का निर्वहन सत्य निष्ठा के साथ बिना किसी भेदभाव के गांव को एकजुट लेकर चलाने ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने, शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर अपने ग्राम पंचायत में शांति सद्भावना व भाईचारा के भावना लोगों में स्थापित हो इस अवसर पर मुकेश बेलचंदन, भूपेंद्र बेलचंदन, देवीसिंह ठाकुर,दिलीप देशमुख, युवराज देशमुख, शंभू देशमुख, निर्भय बेलचंदन, लक्ष्मण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

आयोजन : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला मुख्यालय में अपर कलेक्टर ने किया महिलाओं का सम्मान

# महिलाएं सहनशीलता व करुणा की साक्षात मूर्ति हैं समाज व राष्ट्र निर्माण में इनका योगदान अतुलनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय बालोद के टाउन हॉल परिसर में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला उत्थान एवं महिलाओं के कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली जिले की महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर समाज के अलग–अलग क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर, जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य दुखिया निषाद, सहायक शिक्षिक भारती टंडन, महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक पद्मा साहू, जिला पंचायत की स्टेनो दीपमाला यदु, कम्प्यूटर ऑपरेटर ज्योति वर्मा सहित अन्य महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय महिला सम्मेलन के अवसर पर टॉउन हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया थीं, अध्यक्षता अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य दमयंती हरदेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सरस्वती टेमरिया ने समाज के नवनिर्माण में महिलाओं के योगदान के संबंध में प्रकाश डाला। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने कहा कि दुनिया में माता एवं मातृभूमि का स्थान सबसे अग्रणी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सहनशीलता, वात्सल्य, दया, करूणा, साक्षात प्रतिमूर्ति है और राष्ट्र, समाज, परिवार के निर्माण में इनका योगदान वास्तव में अतुलनीय है। इस अवसर पर एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किशन कांति टंडन, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अलावा महिलाओं में निहित क्षमता, विशेषता एवं राष्ट्र, परिवार एवं समाज के निर्माण में उनके योगदान के संबंध में प्रकाश डाला।

### ग्राम पंचायत दुधली में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया महिलाओं का सम्मान

**डौंडीलोहारा।** सीईओ जनपद पंचायत डौंडीलोहारा पंकज देव के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत दुधली में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छाग्रही समूह व बिहान समूह की महिलाओं ने एक साथ मिलकर उत्सव मनाया। दसवीं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा होने के कारण पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न न हो इसलिए महिला समूहों ने बिना लाउडस्पीकर का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

रमन बावरे ने बताया कि जब से महिलाओं की जनभागीदारी बढ़ी है तब से विकासखंड के प्रत्येक ग्रामों में गंदगी बहुत ही कम हो गई है। सार्वजनिक स्थल, तालाब, बोरिंग, सड़क किनारे तथा गली मोहल्ले की सुंदरता देखते बन रही है। पहले लोग हाथ में झाड़ू थामने में शर्मिंदा महसूस करते थे, लेकिन अब शासन प्रशासन की पहल से लोगों के जीवन में स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने बेताब दिखते हैं। 8 मार्च को ग्राम पंचायत दुधली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने विकासखंड की महिलाएं सुबह 10 बजे से पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया था।

#### महिला समूह हर क्षेत्र में कर रही हैं बेहतरीन कार्य : सिन्हा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा कि डौंडीलोहारा विकासखंड की महिला समूह हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही हैं। संगठन बनाकर आय को दुगुना करने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने बेर से आचार, महुआ से लड्डू, दाल बड़ी, रखिया बड़ी, अगरबत्ती, वाशिंग पाउडर, साबुन, हर्बल गुलाल जैसे विभिन्न प्रोडक्ट का निर्माण करती हैं। नियमित बैठक आयोजित कर लेन देन का पंजी संधारण करना, स्वच्छता अभियान चला कर ग्रामीणों को जागरूक करना, ग्रामीणों के बीच तालमेल बनाकर कार्य करना। ये सब आपकी दिनचर्या में शामिल है, आपकी महानता को प्रणाम है। उक्त अवसर पर चंद्रिका साहू, कुलेश्वरी साहू ,मधु ठाकुर धर्मीन पटेल , टिकेश धनकर, योगिता साहू, दुर्गा साहू, रोहिणी सुधाकर, राजिम सिन्हा , कविता देवांगन, रीमा ठाकुर , फ़ागनी कोमरे, कलीन देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

#### उत्कृष्ट कार्य के लिए इन्हें मिला सम्मान

कार्यक्रम के दौरान दुधली की गोमती देशमुख, सीमा यादव, खैरा की यशोदा रावटे, रेंगनी की रमन बावरे, कोरगुडा की हीना देवांगन को स्वच्छता के क्षेत्र तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीमा यादव ने महिला समूहों को निरन्तर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इतने व्यस्तम समय के बावजूद आप सभी लीडर उपस्थित हैं। ऐसा ही संगठन को मजबूत बनाएं रखें। निर्मला साहू ने कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं। जिसके कारण आज हमारे बहुत से दीदियों को सम्मान मिला है।

## शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाली 32 महिलाओं का हुआ सम्मान

**डौंडीलोहारा।** भाजपा मंडल डौंडीलोहारा अध्यक्ष कुसुम शर्मा और मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लोहारा के पुराने जनपद कार्यालय भवन में एक सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम में लोहारा नगर क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान 32 महिलाओं को साड़ी और अन्य उपहार भेंटकर सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने सभी महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में दिन-रात मेहनत करने वाली नगर से जुड़ी हुई 32 महिलाओं को सम्मानित किया है। कार्यक्रम में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने भी कहा कि स्वच्छता दीदियों के कारण लोहारा नगर के हर वार्ड और गलियों में स्वच्छता दिखाई देती है। हर घर में कचरा उठाने पहुंचती हैं। नगर को साफ सुथरा रखने में इनका विशेष योगदान है, तो वहीं शिक्षा से जुड़ी महिलाओं और स्वास्थ्य से जुड़ी महिलाएं भी सेवाभावी ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है जो तारीफे काबिल है।

#### बालोद जिले में भाजपा मंडल से पहली महिला अध्यक्ष हैं कुसुम

ज्ञात हो कि बालोद जिले के अंतर्गत शामिल भाजपा के विभिन्न मंडलों में लोहारा से एकमात्र महिला अध्यक्ष के रूप में कुसुम शर्मा अपने पद और दायित्व का निर्वहन कर रही हैं। लगातार उनके द्वारा भाजपा के संगठन को एकजुट करने के साथ ही चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत दिलवाने में भी कड़ी मेहनत की गई है। महिलाओं के साथ-साथ भाजपा मंडल का भी नेतृत्व करते हुए वह स्वयं दूसरों के लिए उदाहरण पेश कर रही है। इस सम्मान कार्यक्रम पर मौजूद महिलाओं ने उनके इस पहल की सराहना भी की।

**इनका हुआ सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान ऐनुका सार्वा, ललिता निषाद,लता मालेकर,डोमेश्वरी कोलियारे,मीना तामुरिया,उमा बाई सहित डोंडी लोहारा नगर की 32 महिलाओं एवं नगर पंचायत की स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोहारा कुसुम शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, महामंत्री संदीप लोढा, जशराज शर्मा, धर्मेंद्र निषाद, सुभद्रा ताडेकर, ममता यादव, ममता शर्मा, गायत्री देवांगन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिक्षित व आत्मनिर्भर महिलाएं परिवार व समाज को नई दिशा देती हैं : डॉ सरोज

**अंडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में शनिवार को भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज की प्रगतिशील और प्रेरणादायी हस्तियों ने महिलाओं की भूमिका, अधिकारों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरोज पांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जिसे हमें अपने जीवन में उतारना होगा। महिलाएँ जब शिक्षा और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देती हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. मानसी गुलाटी, प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला होती है। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और अपनी बेटियों को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षित करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजन दुबे, अध्यक्ष, शैलदेवी एजुकेशनल सोसाइटी, भिलाई ने महिलाओं के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को सराहते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे महिलाएँ अपने अधिकारों को पहचान सकती हैं और समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. रजनी राय, विभागाध्यक्ष, शिक्षा ने कहा कि नारी शक्ति केवल प्रेरणा नहीं, बल्कि समाज के विकास की धुरी हैं। हमें अपनी बेटियों को अवसर देने होंगे, ताकि वे अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने ला सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों ने नारी शक्ति : एक अनंत प्रेरणा को सजीव करते हुए काव्य प्रस्तुत किया। अध्यक्ष ने आमंत्रित अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका अभिवादन किया।

- शैलदेवी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

## नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी एवं उपाध्यक्ष तोमन का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जुंगेरा स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बालोद में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद पंचायत बालोद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, डौंडीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम का स्वागत किया गया एवं सभी जिला पंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत सदस्यों का भाजपा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू व कृष्णकांत पवार, लेखराम साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, उपाध्यक्ष ठाकुर रामचंद्राकार, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, हरीश कटझरे, जिला मंत्री शरद ठाकुर पुष्पेन्द्र चंद्राकर, गुरुर मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, सतीश भेड़िया, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत में हजारों प्रकरण निराकृत 3.43 करोड़ का अवार्ड पारित

**बालोद।** जिले के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गए हैं। लोक अदालत में कुल लंबित प्रकरण 2500 रखे गये थे, जिनमें कुल 2420 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इस लोक अदालत में, लंबित सिविल एवं दांडिक प्रकरण, प्री–लिटिगेशन के बैंक, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल के तथा राजस्व न्यायालयों की खंडपीठ के समक्ष कुल 35042 प्रकरण रखा गया, जिसमें 29470 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किए जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी आर्फेस के प्रकरणों को निराकृत किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में 03 करोड़ 43 लाख 41 हजार 463 रुपये की राशि का अवार्ड पारित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किये जाने हेतु प्रेरित किया। इसी तारतम्य में प्रधान जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न बालोद के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए न्यायालयों में कुल 09 खण्डपीठ का गठन किया गया। जिसमें कुल लंबित प्रकरण 2500 रखे गये थे, जिसमें कुल 2420 लंबित प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति व सुलह समझौता करने वालों पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पौधा वितरण भी किया गया। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय परिसर में आये पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस नेशनल लोक अदालत में बालोद बाजार के द्वारा स्टॉल लगाया गया।

पेज 9 के शेष

### सभी नगरीय निकायों ...

पूर्व मंत्री कृपा राम साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं विरेन्द्र साहू, दयाराम साहू, दीपक ताराचंद साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, लीला शर्मा, पवन साहू, सौरभ लुनिया, अमित चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नगर पालिका अध्यक्ष ....

लिए पांच ट्रैक्टर टैंकर सहित एवं तांदुला नदी को तादुला रिवर फ्रंट की तरह विकसित करने की मांग समारोह के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से की। शपथ ग्रहण के पश्चात वरिष्ठों ने प्रतिभा चौधरी को उनके चेम्बर तक पहुंचाकर कुर्सी पर बैठाया एवं शुभकामनाएं दी। शपथ ग्रहण मे नगर के विभिन्न समाज प्रमुखों की उपस्थिति रही। प्रतिभा ने शपथग्रहण के बाद समाज प्रमुखों से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। नगर के गणमान्य भी बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रतिभा के शपथग्रहण के साक्षी बने। इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रमन टुवानी, प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष टहल साहू, कुलदीप कत्याल, लालचंद लुनिवाल, अभिषेक शुक्ला, अकबर तिगाला, नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रदीप साहू, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम, गुरूर नगर पंचायत उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, कमल पंपालिया, अजय बाफना, मोना टुवानी सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

### अस्पतालों में ....

अस्पताल में एक भी स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं है, एक भी मनोरोग विशेषज्ञ नहीं है, एक भी शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं है। उन्होंने कहा कि मनोरोगी बच्चे आते हैं, तो सर्टिफिकेट के लिए बाहर रेफर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब यहां हैं ही नहीं तो स्वास्थ्य मंत्री पता नहीं कहां से आंसर लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं निवेदन कर रही हूं कि इस मामले में विशेष रूप से ध्यान दें। और यदि आप जल्द से जल्द आप व्यवस्था नहीं कर पाते, तो आपसे निवेदन है कि जिला अस्पताल और सामुदायिक अस्पताल को बंद कर दीजिए, क्योंकि वहां स्टाफ ही नहीं है।

### ग्लूकोमा सप्ताह आज ...

वाली बिमारी है, अतः 40 वर्ष पार सभी व्यक्ति एक बार अपने आंखों का जांच आवश्यक कराएं। कभी भी किसी आंख में पहले चोट लगी हो या जिनको समय से पहले पढ़ने का अधिक नंबर का चश्मा लग रहा हो। ब्लड प्रेशर एवं डायबटिक शुगर से पीड़ित व्यक्ति भी ग्लूकोमा से प्रभावित हो सकता है। ग्लूकोमा बिमारी का सही समय पर उपचार हो जाने से आगे होने वाली दृष्टि के अनुसार को रोका जा सकता है। समय पर अपना आंखों की जांच कराएं एवं स्वस्थ रहें।

### दुर्घटना में मृत्यु ...

प्रकरण में राजीनामा कर नेशनल लोक अदालत के उद्देश्य को पूर्ण किया एवं मानवता का परिचय दिया।

## खबर संक्षेप

### सहायक संचालक बनाए गए मधुप कुमार

**बालोद।** ग्रामोद्योग संचालनालय रेशम प्रभाग के फील्ड आफिसर मधुप कुमार चंदन को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विभागीय पदोन्नति कर सारंगढ़ बिलाईगढ़ सहायक संचालक जांजगीर चांपा में पदस्थ किया गया। मुरारी लाल चंदन ने बताया कि मधुप कुमार चंदन के माता पिता सरस्वती शिशु मंदिर बालोद के आचार्य है। मधुप कुमार चंदन गाँव सोनईडोंगरी से भीषम साहू, कौशल साहू, दुधारु साहू, गांव के सरपंच जाग्रति साहू, बालोद से यज्ञदत शर्मा, प्रीतम साहू, कुमारी बाई साहू, प्रतिभा चौधरी, दीपक लोढ़ा, नितेश वर्मा, विनोद कौशिक, रूद्रकांत यादव, केसी पवार, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल, जिला पंचायत के सदस्य तोमन साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### चुल्हापथरा में 402 गौवंशों का किया गया टीकाकरण

**गुरूर।** ग्राम चुल्हापथरा स्थित श्रीकृष्ण गोपाल गौशाला में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर लगाकर टीकाकरण किया गया। इस दौरान गौशाला के 402 गौवंशों को एफएमडी का टीका लगाया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में विभाग की टीम के नारायण निषाद, पैरावेट आशीष साहू, राहन सिन्हा, डीएम गंजीर व अन्य सदस्यों ने गौशाला के गौवंशों का टीकाकरण के साथ उपचार किया। इस दौरान 10 बछड़ों का बधियाकरण किया गया। 35 का उपचार किया गया, 75 गौवंशों को कृमिनाशक दवाई पिलाई गई, शिविर में 408 डिटिकिंग किया गया। टीकाकरण कार्य में गौशाला प्रमुख भागवत राम साहू, प्रबंधक तोरण लाल साहू, हरीश साहू, जादूराम साहू, तिजऊ राम ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### मोबाइल पार करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** वाहन और मोबाइल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 303 (2), 304 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## चुनाव : भाजपा समर्थित तारिणी ने कांग्रेस की अध्यक्ष उम्मीदवार को 6 वोटों से हराया

# जिला पंचायत बालोद में पहली बार भाजपा का कब्जा, तारिणी अध्यक्ष और तोमन उपाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के इतिहास में पहली बार जिला पंचायत बालोद में भाजपा का कब्जा हुआ है। 2012 में जिला बनने के बाद से जिला पंचायत में लगातार कांग्रेस का ही कब्जा रहा था। भाजपा की तारिणी-पुष्पेन्द्र चन्द्राकर अध्यक्ष एवं भाजपा के ही तोमन साहू उपाध्यक्ष चुने गए हैं।

भाजपा की तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर नई जिला पंचायत अध्यक्ष होंगी। तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कांग्रेस की पूजा वैभव साहू को 6 मतों के अंतर से हराया। 14 सदस्यों वाली जिला पंचायत में भाजपा के 8 सदस्य चुनकर आए थे। कांग्रेस के 4 व 2 निर्दलीय सदस्य थे, जिन्होंने बाद में कांग्रेस को समर्थन दे दिया था। इस तरह 2 निर्दलीय को मिलाकर कांग्रेस के कुल 6 सदस्य थे। भाजपा ने क्षेत्र क्रमांक 03 की सदस्य तारिणी-पुष्पेन्द्र चन्द्राकर को अध्यक्ष पद के लिए अधिकृत किया था, तारिणी पहली बार जिला पंचायत सदस्य बनी हैं। कांग्रेस ने पूजा वैभव साहू को अपना प्रत्याशी बनाया था। तारिणी को 10 मत मिले अर्थात कांग्रेस में क्रॉस वोट हो गया। कांग्रेस के दो वोट भी तारिणी को मिले। कांग्रेस की पूजा को 4 मत ही मिले।

### दो वोटों से जीतकर उपाध्यक्ष बने तोमन, कांग्रेस के मिथलेश को मिले 5 वोट

उपाध्यक्ष के लिए भाजपा में नाम तय करने में वरिष्ठों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। गुरूर विकासखण्ड के तेजराम एवं बालोद क्षेत्र के तोमन साहू के मध्य नाम तय करना था। अंत में तेजराम ने पार्टी नेतृत्व की बातों को स्वीकार करते हुए तोमन के नाम पर सहमति दी। भाजपा ने तोमन साहू को अधिकृत किया, वहीं कांग्रेस ने मिथलेश नुरेटी को अधिकृत किया। भाजपा के तोमन साहू को 8 मत मिले एवं कांग्रेस के मिथलेश को 5 मत मिले। तोमन 2 वोट से विजयी रहे। यहां एक वोट निरस्त हुआ।

### जिला कार्यालय में सांसद भोजराज ने किया अभिनंदन

मंदिर से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का काफिला भाजपा नेताओं के साथ जिला भाजपा कार्यालय पहुंचा। जिला पंचायत में जीत के बाद सांसद भोजराज नाग जिला कार्यालय पहुंच गए थे। जिला कार्यालय में सांसद भोजराज नाग व अन्य नेताओं ने तारिणी एवं तोमन का अभिनंदन किया, जहां दोनों ने पार्टी नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जीत के बाद पहुंचे माताराणी के दरबार

जिला पंचायत में ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा के प्रभारी रामू बोहरा, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, बाल संरक्षण आयोग पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन सहित अन्य नेतागण नवनिर्वाचित अध्यक्ष तारिणी पुशेन्द्र चन्द्राकर एवं उपाध्यक्ष तोमन साहू के साथ ग्राम झलमला स्थित माताराणी के दरबार मे पहुंचे। वहां सभी ने पूजा अर्चना की, माता रानी से आशीर्वाद लिया।

### नगर पंचायत गुरूर की उपाध्यक्ष चुनी गईं कुंती

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर में लगातार दूसरी बार जीतकर पार्षद बनी भाजपा समर्थित प्रत्याशी कुंती सिन्हा उपाध्यक्ष चुन ली गई हैं। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा ने कुंती सिन्हा को अधिकृत किया था, वहीं कांग्रेस ने पूर्व अध्यक्ष महिमा साहू को अधिकृत किया था। 15 सदस्यों वाली परिषद् में भाजपा के 11 सदस्य चुने गए थे, जबकि कांग्रेस के 4 पार्षद ही जीते थे। उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा समर्थित कुंती सिन्हा को 9 मत मिले, वहीं कांग्रेस की महिमा को 4 मत प्राप्त हुए, जबकि 2 मत निरस्त हुए। बता दें कि जनपद पंचायत में अध्यक्ष के चुनाव के दौरान पार्टी में बगावत के कारण भाजपा उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान भाजपा अत्यधिक सतर्क थी। भाजपा की सतर्कता इसलिए भी अधिक थी, क्योंकि बीते सत्र में भाजपा के पार्षद अधिक चुने गए थे उसके बाद भी भाजपा अपना अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नहीं बना सकी थी। लेकिन इस चुनाव में भाजपा ने एक-एक पार्षद को साधा था। वहीं, स्वयं अध्यक्ष प्रदीप साहू भी ग्यारह पार्षदों से लगातार संपर्क रखते हुए सक्रिय थे। इसका परिणाम यह रहा कि भाजपा इस बार अपने लक्ष्य में सफल रही और बिना किसी विपरीत परिस्थिति के अपना उपाध्यक्ष बनाने में सफल रही।

### जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को पदाधिकारियों ने दी बधाई

**गुण्डरदेही।** भाजयुमो मंडल अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने गुण्डरदेही जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को भाजपा कार्यालय पहुंचकर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### कलंगपुर सरपंच पुष्पा व पंचों ने ली शपथ

**बालोद।** ग्राम पंचायत कलंगपुर में लगातर तीसरी बार निर्वाचित हुए सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा व पंचों ने शपथ ली। पंचायत सचिव प्रवीणचंद्र गेन्द्रे ने शपथ दिलाई। सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा ने ग्रामीणों को शासन-प्रशासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ दिलाने, बिजली–पानी–सड़क–नाली जैसे मूलभूत सुविधाओं तथा ग्रामीणजनों के अपेक्षा के अनुरूप ग्राम विकास कार्य करवाने हेतु पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पंच जोहन लाल साहू, ललिता पारधी, राजेन्द्र जैन, दुष्यन्त साहू, लीलाधर सिन्हा, कीर्ति कुल्हारे, द्वारिका सिन्हा, रामकुमार मारकंडे, बिसन बाई मारकंडे सहित पूर्व सरपंच गोविन्द सिन्हा, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष सुमन कुल्हारे, पूर्व पंच परमेश्वर पारधी, बसन्त ठाकुर, डिलेश्वर मारकंडे, लिखन पारधी, दीपक जैन, खुमान सिन्हा, रोजगार सहायक यूगल किशोर साहू, पुराणिक निषाद सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत कुसुमकसा के उपसरपंच चुने गए नितिन, रोहन को 11 वोटों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा में नितिन जैन 11 मतों से प्रतिद्वंद्वी रोहन माहला को पराजित कर उपसरपंच निर्वाचित हुए। नितिन जैन के अपने समर्थक पंचों के साथ ग्राम पंचायत भवन से बाहर आते ही समर्थकों ने फूल माला पहनाकर, गुलाल लगाकर आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया।

उल्लेखनीय है की 17 फरवरी को सरपंच, पंच चुनाव के बाद से ही उपसरपंच पद के लिए ग्राम में जोड़-तोड़ शुरू हो गई थी। ग्राम पंचायत भवन कुसुमकसा में ईश्वर प्रसाद ठाकुर पीठासीन अधिकारी व सुखीत भुआर्य सहायक पीठासीन अधिकारी ने निर्धारित समय 11 बजे उपसरपंच निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू की।

निर्वाचन प्रक्रिया में वेदबाई पिस्दा सरपंच, पंचगण पंकज जेठवानी, नितिन जैन, ज्योति यादव, साहिस्ता बेगम, सिताबाई चुरेंद्र, पुष्पाबाई ,चित्ररेखा,कुमारी बाई ,हेमलाल रावटे,जयंत्री नेताम, निर्मला जगनायक,सुगरा बेगम, खेमिन निर्मलकर,संतोष जैन, रोहन माहला, दीपक यादव ,उर्मिला ठाकुर,कोमल, जिजोधन कुमार , भारती तारम ने भाग लिया। उपसरपंच पद के लिए नितिन जैन व रोहन माहला ने नामांकन दाखिल किया। मतदान में सरपंच व 20 पंचों सहित कुल 21 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें नितिन जैन को 16 व रोहन माहला को 5 मत प्राप्त हुए। पीठासीन अधिकारी ने नितिन जैन को उपसरपंच पद पर निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र किया।

उपसरपंच निर्वाचित होने पर नितिन ने सरपंच एवं समस्त पंचों सहित सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह गांव के विकास और जनसेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

### कोहंगाटोला के निर्विरोध उपसरपंच चुने गए इंद्रजीत

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोहंगाटोला में शनिवार को हुए चुनाव में इंद्रजीत नागवंशी को सर्वसम्मति से निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया गया है। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया, जिससे यह निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। निर्विरोध निर्वाचन पर कोहँगाटोला के नागरिकों ने इंद्रजीत नागवंशी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र का विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। वहीं, श्री नागवंशी ने सभी पंचों एवं प्रमुखों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। इस अवसर पर सरपंच देवकी ठाकुर, पंच फूलबती, राधिका बाई, खिलानंद देवांगन, देवेंद्र गंगवंशी, संतलाल निषाद, पालसिंह साहू, लता देवांगन, भूमेश्वरी ठाकुर, सरोज यादव, चंद्रिका देवदास, मनी निषाद, नंदकुमार, केवरा बाई, गीतेश्वरी , बिंदेश्वरी, हेमलता, कुमुद बाई,पूर्व सरपंच छगन साहू, पूर्व उपसरपंच भुवन लाल ठाकुर, खिलावन यादव एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गुजरात में हुई सीसीएल कार्यशाला में शामिल हुए व्याख्याता कृष्णा मिश्रा



हरिभूमि न्यूज:बालोद

आईआईटी गांधी नगर गुजरात में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत पांच दिवसीय सीसीएल कार्यशाला का आयोजन 11 से 15 फरवरी 2025 तक किया गया। कार्यशाला में सभी राज्यों से रसायन शास्त्र के व्याख्याताओं को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था।

छत्तीसगढ़ से 13 व्याख्याताओं में इस कार्यशाला में भाग लिया जिसमें गुरूर ब्लाक से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धनेली से रसायन शास्त्र की व्याख्याता कृष्णा मिश्रा ने भाग लिया। इस कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मनीष जैन व उनकी टीम ने विषय से संबंधित प्रशिक्षण रोचक अंदाज में लिया।

संक्षारण, धातुओं की क्रियाशीलता, विद्युत अपघटनी व विद्युत रासायनिक सेल, डीएनए सेपरेशन, साबुनीकरण व अन्य प्रयोगों को माईक्रोस्केल में कैसे कर सकते हैं, बताया गया। श्री मिश्रा ने कार्यशाला में शामिल होने का अवसर दिए जाने पर प्रभारी चापेकर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जिले बालोद में प्रायोगित रसायनिक किट का निर्माण कर शिक्षण को रूचिकर बनाने का प्रयास करेंगे।

## राज्य सरकार के बजट प्रावधान से तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगी बड़ी राहत : यज्ञदत्त

हरिभूमि न्यूज:बालोद

विष्णुदेव साय सरकार के बजट में तेन्दूपत्ता के लिए प्रति मानक बोरा 5,500 रुपये का भुगतान करने 200 करोड़ रुपये एवं

- राज्य वनोपज संघ के पूर्व संचालक ने मुख्यमंत्री व वित्तमंत्री का जताया आभार

तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पादुका प्रदान करने के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान करने पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के पूर्व संचालक यज्ञदत्त शर्मा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर एवं प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी बालोद के संचालक विनोद कौशिक ने विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी से भेंट कर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को साधुवाद देते हुए उनकी आकृति वाला तेंदुपत्ता का चित्र भी भेंट किया है। राज्य वनोपज संघ के पूर्व संचालक यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि तेंदूपत्ता वनांचल में रहने वाले लोगों के जीवन यापन का एक मुख्य जरिया है। यज्ञदत्त शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार विष्णुदेव साय सरकार ने बजट 2025–26 में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये पारिश्रमिक देने के लिए 200 करोड़, चरण पादुका योजना अंतर्गत 50 करोड़ एवं राजमोहिनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के संचालन हेतु 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने तेंदुपत्ता संग्राहकों के आर्थिक कल्याण के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है। इस फैसले से तेंदुपत्ता संग्राहकों को बड़ी राहत मिलेगी और उनका जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी।

### भाजपा के रमन शासन में हुई थी चरण पादुका योजना की शुरुआत

देवलाल ठाकुर ने बताया कि, छत्तीसगढ़ की आदिम संस्कृति एवं विरासत को संरक्षित और समृद्ध करने के लिए हमारी सरकार ने बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए हैं, जो आदिवासी भाइयों–बहनों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उत्थान का नया द्वार खोलेंगे। प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी बालोद के संचालक विनोद कौशिक ने बताया कि, तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को चरण पादुका देने के लिए 50 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में पूर्व की रमन सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए चरण पादुका योजना शुरू की थी। लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद इस योजना को बंद कर दिया गया था, जो फिर से शुरू कर दी गई है।

## रेहची विद्यालय में शिक्षक रामस्वरूप ने दिया नेवता भोज

**बालोद/सिकोसा।** गुण्डरदही ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत रेहची में नेवता भोज का आयोजन किया गया। रजत सोनवानी के जन्मदिन के अवसर में प्राथमिक शाला ग्राम पंचायत रेहची के शाला प्रांगण में उनके बड़े पापा रामस्वरूप सोनवानी जो शिक्षक सुरेगांव सीएससी के रूप में पदस्थ हैं, ने नेवता भोज दिया। इस दौरान प्राथमिक शाला प्रधान पाठक हिमकर देशमुख, साहू, नवनिर्वाचित सरपंच त्रिवेणी राजू सिंह, रामस्वरूप देव कुमारी सोनवानी, रामेंद्र कुमार मीना सोनवानी, जग्गीराम चंद्रप्रभा सोनवानी, हैरी सोनवानी, हनी सोनवानी, यश सोनवानी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
12
ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
स्पेशल ट्रेन से - 14 जुलाई से 24 जुलाई 2025 (11 दिन)
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411